

एक नजर में

## भूमि पर कब्जा देकर समस्या का किया निराकरण



**झाबुआ।** जनसुनवाई में निवासी ग्राम खेड़ा तह. रामा के अमरसिंह पिता नाथू अमलियार द्वारा कलेक्टर नेहा मीना के समक्ष उपस्थित होकर आवेदक की जमीन पर अन्य व्यक्तियों द्वारा बुआई करने की समस्या संबंधी आवेदन दिया था। आवेदक अमर सिंह द्वारा बताया गया उसके खाते की जमीन जिसका खाता नं 784/2 रकबा 1.60 हे. ग्राम खेड़ा में है जो कि आवेदक की पैतृक जमीन है परंतु आवेदक की जमीन ग्राम खेड़ा के अन्य व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा कर बुआई कर दी गई। मामला कलेक्टर नेहा मीना के संज्ञान में आने पर तत्काल तहसीलदार रामा को जांच कर भूमि पर कब्जा दिलाए जाने निर्देश दिए। तहसीलदार रामा टीएस विस्के ने टीम सहित ग्राम खेड़ा में मौके पर पहुंचकर भूमि का कब्जा देकर समस्या का निराकरण किया गया।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर दो सचिवों की वेतनवृद्धि रोकी

**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन में दिव्यांगजनों को पेंशन प्राप्त नहीं होने पर कार्य में लापरवाही बरतने पर सचिव ग्रापं पुवाला रेखा डामोर एवं ग्रापं लंबेला रमेश पचाहा के विरुद्ध मप्र पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम) 2011 की कंडिका (07) (3) ख के तहत 1 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई। 24 जून को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई के दौरान आवेदक सुरेश पिता वेस्तिया कटारा नि. ग्राम धामनी कटारा ग्रापं पुवाला तह. राणापुर 45 प्रतिशत दिव्यांग द्वारा बताया गया कि सचिव ग्रापं पुवाला रेखा डामोर द्वारा हितग्राही को दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ प्रदान नहीं किया गया है। इसी प्रकार सचिव ग्रापं लम्बेला रमेश पचाहा द्वारा आवेदक कल्याण पिता हुरजी डोडियार नि. ग्राम लम्बेला 40 प्रतिशत दिव्यांग है। नाना पिता मना डामोर नि. ग्राम लम्बेला 60 प्रतिशत दिव्यांग है एवं दिवान उर्फ देवेन्द्र पिता पप्पू डामोर नि. ग्राम लम्बेला 45 प्रतिशत दिव्यांग है, हितग्राहियों को दिव्यांग पेंशन योजनाओं में लाभ प्रदान नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग से शिकायत की, जांच करने के लिए निर्देशित किया। पेंशन पोर्टल पर उक्त आवेदन पत्र की जांच करने पर पेंशन प्राप्त नहीं होने संबंधी शिकायत सत्य पाई गई। संबंधित ग्राम पंचायत सचिव का यह दायित्व है कि अपनी ग्राम पंचायत में पात्र हितग्राही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ना हो, किंतु सचिव ग्रापं पुवाला एवं सचिव ग्रापं लम्बेला द्वारा अपने पदेन कर्तव्यों का पालन नहीं करते हुए शासकीय कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई। उक्त आवेदक दिव्यांग होकर इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। शासन द्वारा निरंतर संचालित अभियानों एवं निर्देशों के पश्चात पात्र होने के बावजूद भी दिव्यांग हितग्राही को दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ प्रदान नहीं करना अत्यन्त निराशाजनक है।

## स्थापना दिवस पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने भगवा वाहन रैली निकाली



**पेटलावद।** 24 जून को हिंदू हृदय सम्राट डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया ने दिल्ली में स्थापना की थी। इस उपलक्ष मे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में भगवा रैली का आयोजन किया गया। अतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के मालवा प्रांत मंत्री देवेंद्र आंजना ने संगठन के स्थापना दिवस के बारे में सभी कार्यकर्ता को बताया। राष्ट्रीय बजरंग दल के मालवा प्रान्त महामंत्री महेशकांत चौहान ने कहा कि भारत देश के कोने कोने हर घर से एक एक युवाओं को राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़ना चाहिए हर हिन्दू का एक लड़का राष्ट्रीय बजरंग दल में शामिल हो तो समाज में व्याप्त बुराई अपने आप ही समाप्त हो जायेगी हर समस्या का हल राष्ट्रीय बजरंग दल । राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री प्रकाश चौधरी ने सभी युवा साथियों से कहा युवाओं का बल ....राष्ट्रीय बजरंग दल भगवा वाहन रैली श्रद्धांजलि चौक पेटलावद से प्रारंभ होकर महाकाल पथट्ठसिटी केमेस्ट्री वाली गलीट्ठगणपति चौकट्ठझंडा बाजारट्ठपीपाड़ा गलीट्ठराम मोहल्लाट्ठतलबपाड़ा नगर के मुख्य मार्गो एवं चौराहों से होती हुई ग्राम रायपुरिया के रविदास मोहल्लाट्ठपुराना बस स्टैंडट्ठझाबुआ चौराहाट्ठतालाबपाड़ा बनी रोड होते हुए भगवा वाहन रैली का सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती प्रसादी वितरण मयूर चौराहा पर हुआ, श्रीराम मंदिर पाटीदार धर्मशाला पर पदाधिकारियों द्वारा बौद्धिक दिया एवं सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को अल्पहार दे कर भगवा वाहन रैली का समापन किया। उपस्थित पदाधिकारी देवेंद्र आंजना मालवा प्रांत मंत्री अंतर राष्ट्रीय हिंदू परिषद, महेशकांत चौहान मालवा प्रान्त महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, पवन गेहलोत जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, वासुदेव आंजना जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, प्रकाश चौधरी जिला महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, शैलेंद्र सिंह राठौड़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, सुरपाल सिंह चौहान जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान परिषद, सुरेश चौहान जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय छात्र परिषद, बाबुलाल गुर्जर जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, राहुल पडियार जिलामंत्री हिंदू हेल्पलाइन, कुलदीप चौहान तहसील अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, रामेश्वर पाटीदार तहसील कार्यकारी अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, सुजल मुनिया तहसील उपाध्यक्ष, वेदप्रकाश बैरागी तहसील मंत्री, सुनील मैडा तहसील मंत्री, भोला वसुनिया तहसील मंत्री, हर्षवर्धन सिंह तहसील सहमंत्री, एवं संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्तागण गोविंद पाटीदार, सरवन पाटीदार, अजय शर्मा, सुमित बैरागी, वीरम देव पाटीदार, अभिराज चौहान, ईश्वर वसुनिया, शंकर कतीजा, अनसिंग कतीजा, टोलसिंह होइडा, सुरेश मुनिया, कलसिंह कतीजा, जितेंद्र जाटव नगर, ग्राम समिति पदाधिकारियों उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष वासुदेव आंजना ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली में सभी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने जय श्री राम जय जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। भगवा वाहन रैली के कार्यक्रम का आभार पवन गहलोत जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने माना।

# पर्यावरण क्रांति में मिल का पत्थर साबित होगा पौधा वितरण महाअभियान : एसपी शुक्ल

▸ ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटने के लिए पौधा लगाना अनिवार्य : पद्मश्री शर्मा



नवभारत न्यूज

**झाबुआ।** सामाजिक महासंघ झाबुआ द्वारा 25 जून को पौधा वितरण महाअभियान की शुरुआत की गई इसमें विभिन्न प्रजाति के 25 हजार पौधों का वितरण शहरी एवं ग्रामीण लोगों को किया जा रहा है। इस अवसर पर पौधों को बड़ा करने का संकल्प भी दिलाया गया। इस बार लोगों का पंजीयन करके पौधों का वितरण किया जा रहा है, जिससे उसकी पूरी देख रेख की जा सकेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल, पद्मश्री महेश शर्मा, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग के महासचिव रवींद्र मिश्रा, एसडीओपी पेटलावद कमलेश शर्मा, इतिहासकार डॉ केके त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शुक्ल ने कहा की सामाजिक महासंघ द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य काफी सराहनीय है। पौधा वितरण महाअभियान जिले की पर्यावरण क्रांति में मिल का पत्थर साबित होगा, इससे प्रेरणा लेकर जिले के सभी थानो में भी पौधे बड़ी संख्या में लगाकर उन्हें बड़ा करने का संकल्प दिलाया जा रहा है। पर्यावरण को लेकर अब लोगों में जागरूकता भी आ गई है। शिवगंगा प्रमुख पद्मश्री महेश शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से जिले में पर्यावरण को लेकर कार्य किया जा रहा हैं। पौधा लगाकर यदि हम उन्हें बड़ा करते हैं तो यह ग्लोबल वार्मिंग जैसी विश्व व्यापी समस्या को आसानी से निपटाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। धरती मां की प्याज बुझाने के लिए जिले की हलमा परंपरा अब राजधानी दिल्ली एवं भोपाल जैसे महानगरों में भी दस्तक दे चुकी है।

**फलदार, पूजा पाठ एवं हरियाली वाले पौधों का वितरण**

सामाजिक महासंघ के अध्यक्ष नीरज राठौर ने बताया की इस बार पौधा वितरण महाअभियान की एक थीम तय की गई थी जिसे एक पौधा मां और देश के नाम संज्ञा दी गई थी। सामाजिक महासंघ समाज में जन जागृति के कार्य बड़े पैमाने पर करता आया है। 25 जून को पौधा वितरण महा अभियान के माध्यम से विभिन्न प्रजाति के 25 हजार पौधों के वितरण का शुभारंभ किया गया, इसमें फल वाले रोजगार सृजन करने वाले पूजा पाठ में काम आने वाले एवं वातावरण को हरियालीमय करने वाले पौधों का वितरण किया जा रहा है। विभिन्न प्रजाति के पौधे जिनमें आम, जाम, नींबू, सीताफल, जामुन, कटहल, सहजना फली, पपीता, अर्जुन, आंवला, नीम, बेलपत्र, पीपल जैसे अनेक पौधे दिए जा रहे हैं।

### अपने वाहन लेकर आए लोग

पौधा वितरण महाअभियान में पौधे लेने के लिए अनेक ग्रामीणजन अपने-अपने वाहन लेकर पौधा लेने कार्यक्रम स्थल पर आए। दो पहिया, चार पहिया वाहन, आईसर, ट्रेक्टर, पिकअप जैसे अनेक वाहन लेकर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में पौधे लेने आए, कई स्कूल स्टॉफ सामाजिक संगठन, शासकीय, अशासकीय संस्थाएं बड़े पैमाने पर पौधा रोपण करने के लिए पौधे ले गए। साथ ही उन्होंने इस बात का भी संकल्प लिया कि वह जो पौधे ले जा रहे हैं वह सभी बड़े करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों को पर्यावरण प्रेमी राजकुमार देवल ने पौधा लगाने की विधि का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया ताकि पौधा लगाते समय तकनीकी बातों का लोग ध्यान रख सके। पौधा वितरण महा अभियान में कमलेश पटेल, मधुसूदन शर्मा, नवीन पाठक, सुनील चौहान, मोहन राठौर, मोंटी राठौर, भेरूसिंह चौहान, पुरुषोत्तम ताम्रकार, गणेश उपाध्याय, भारती सोनी, भारती राठौर, शीतल जादौन, रितु सोडाणी, चेतन चौहान, शशि त्रिवेदी, अब्बू दादा, रेहान शेख एवं महासंघ से जुड़े अन्य लोगों का कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा।

### संकल्प पत्र एवं शपथ दिलाकर किया वितरण

सामाजिक महासंघ के हरीश शाह ने बताया की इस बार पौधा वितरण महा अभियान में एक नई परिपाटी शुरू की गई है इसके अंतर्गत कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पौधा ले जाकर बड़ा करने का संकल्प दिलाया गया व साथ ही संकल्प पत्र भी भरवाये गए ताकि पौधों की विशेष देखरेख की जा सके एवं उसे नष्ट होने से बचाया जा सके। पिछले 4 वर्षों में बांटे गए 1 लाख पौधों में से 80 हजार पौधे बड़े हो गए हैं और उसमें से अनेक पौधे फल भी देने लगे हैं, यह इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# पेटलावद पुलिस ने कार से अवैध शराब की जब्त, दो को पकड़ा



**झाबुआ/पेटलावद।** पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा जिले में फरार व स्थायी वारंटी आरोपियों तथा अवैध शराब के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उनके मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक पीएल कुर्वे एवं एसडीओपी कमलेश शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 25 जून की देर रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक स्कोडा कार क्रमांक एमएच-06-एएस-6120 में अवैध शराब भरकर बदनावर-भैसोला मार्ग से लाई जा रही है। सूचना के आधार पर बरवेट रोड पर वाहनों की चेकिंग के दौरान उक्त कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज गति से जामली की और लेकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर घेराबंदी की। वाहन रुकवाने के दौरान चालक व उसका एक नाबालिग साथी वाहन से कूदकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। पुछताछ में चालक ने अपना नाम आशुवेन्द्र उर्फ धीरू पिता उदयभानसिंह तोमर 30 वर्ष, निवासी ग्राम बरमुपुर, थाना औरैया (उप्र) हाल निवासी सिद्धेश्वर कॉलोनी झाबुआ बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 38 पेटियां अवैध शराब पाई गईं। जिनमें 15 पेटी माउंट 6000 सुपर स्ट्रॉन्ग बियर, 15 पेटी हंटर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बियर और 8 पेटी गोवा व्हिस्की इस प्रकार कुल 432 बल्क लीटर, जिसका अनुमानित मूल्य: 1 लाख 20 हजार 600 रूपये बताया गया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर मप्र आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया, चौकी प्रभारी सारंगी दीपक देवरे, प्रआर. केमता चौहान, भगतसिंह सोलंकी, आर. प्रकाश मंडलोई का सराहनीय योगदान रहा।



# श्रीनाथ नर्सिंग कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**आलीराजपुर ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन श्रीनाथ नर्सिंग कॉलेज में किया गया।

विधिक साक्षरता शिविर में जय पाटीदार ने नालसा (तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीडितों के लिये विधिक सेवाऐं) योजना 2015 की जानकारी दी ताकि उन्हें न्याय मिल सके और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार के लिए उन्हें मुआवजा मिल सके । पॉक्सो अधिनियम के प्रावधान, महिलाओं संबंधी श्रम विधि, लिंग परीक्षण प्रतिषिद्धता, महिलाओं के गिरफ्तारी पर प्राप्त अधिकार आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलीपसिंह मुजाल्दा द्वारा अपराध पीडित प्रतिकर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत पीडित या उसके आश्रितों को, जिनको अपराध के परिणामस्वरूप हानि या क्षति पहुँची है तथा जिन्हें पुनर्वास की आवश्यकता है, को प्रतिकर प्रदान किया जाता है। जिससे उनके पुनर्वास, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर संकेत जैन सहित स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

## 24 घंटे में 43 .03 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**झाबुआ।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 8 बजे तक 43 .03 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील झाबुआ में 89 .20 मि.मी., रामा में 49 .20 मि.मी., राणापुर में 22 .20 मि.मी., मेघनगर में 34 मि.मी., थांदला में 60 .40 मि.मी., पेटलावद में 3 .20 मि.मी कुल 258 .20 मिमी वर्षा हुई। जिले में 1 जून से 25 जून की प्रात: 8 बजे तक 221 .25 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। जिसके तहत झाबुआ में 339 .20 मि.मी., रामा में 213 .40 मि.मी., राणापुर में 252 .90 मि.मी., मेघनगर में 227 .20 मि.मी., थांदला में 205 .60 मि.मी., पेटलावद में 89 .20 मि.मी कुल 1327 .50 मि.मी दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 92 .33 मिमी दर्ज की गई थी।

# जिले से 100 उद्यमी कॉनक्लेव में होंगे शामिल

**झाबुआ।** रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्पलॉयमेंट कॉनक्लेव का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 27 जून को रतलाम जिलें में किया जा रहा है। कॉनक्लेव का उद्देश्य प्रदेश में औद्योगिक विकास, एमएसएमई नीति और रोजगार सृजन पर चर्चा करना है। इस कॉनक्लेव में प्रदेश में निवेश करने वाले निवेशकों से चर्चा की जाएगी। यह कॉनक्लेव युवाओं को स्वरोजगार व कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भर बनाएगा। कार्यक्रम में लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण पत्र तथा औद्योगिक भूखंडों के आवंटन आदेश एवं आशय पत्र भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किए जायेंगे। साथ ही स्वरोजगार योजना अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों की सफलताओं पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया जायेगा।

एक नजर ▸ संयुक्त आयुक्त पद पर राजेश दीक्षित के पदोन्नति पर दी शुभकामनाएं

# मैने 43 वर्ष की नौकरी में 15 जिलों में नौकरी की पर ऐसा मान सम्मान कहीं नहीं देखा : सीईओ दीक्षित




**पेटलावद.** मंगलवार को झाबुआ जिले के पेटलावद तहसील के जनपद पंचायत पेटलावद में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश दीक्षित को संयुक्त आयुक्त अधिकारी संभाग जबलपुर के पद पर पदोन्नत किया गया। इस पर 24 जून को जिले की हृदय स्थली श्रृंगेश्वर धाम पर शाम को विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सर्व प्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश दीक्षित ने बाबा महाँकाल के दर्शन किए एवं पूजन की। बाद श्रृंगेश्वर धाम मे ब्रह्मलीन महंत श्री श्री 1008 काशीगिरी जी महाराज को पुष्प माला अर्पण की एवं पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही पंचमुखी हनुमान जी महाराज के दर्शन किए। दीक्षित को महांकाल की पूजन पंडित विकास जोशी ने करवाई गई।आयोजन में मुख्य अतिथि श्रृंगेश्वर धाम के गादीपति महंत श्री रामेश्वरगिरि जी महाराज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, अनूसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष अजमेरसिंह भूरिया, शांतिलाल मुंणिया, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत भट्ट, जनपद उपाध्यक्ष देवकुंवर पडियार, प्रदीप कुमार पालरेचा, जिला कोषाध्यक्ष महावीर भंडारी, भाजपा नेता भूपेंद्रसिंह सेमलिया, श्रृंगेश्वर धाम के अध्यक्ष अरुण शर्मा राजगढ़ आदि ने महाँकाल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर धूप द्वीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का श्री गणेश किया। बाद समस्त अतिथियों का उपस्थित जनपद सदस्यों, सरपंचों, सचिव एवं सहायक सचिवों एवं ग्रामीणों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। बाद संयुक्त आयुक्त संभाग जबलपुर के पद पर पदोन्नत राजेश दीक्षित को भाजपा नेता भूपेंद्रसिंह सेमलिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़, देवकुंवर पडियार, प्रदीप कुमार पालरेचा, श्रेणिक कोठारी, नरेंद्र कोठारी, हेमेंद्र कुमार जोशी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश कांसवा, मनीष कुमट, संजय व्यास, फकीरचंद माली, ठाकुर परीक्षितसिंह राठौर, रितेश अग्रवाल, महेश भांगू, नारायण पटेल, विनोद देवदा आदि ने पुष्पमाला पहनाकर साफा पहनाकर, साल भेंटकर स्वागत सम्मान कर शुभकामनाएं दी एवं स्थानांतरण होने पर विदाई दी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश दीक्षित ने कहां की मैने 43 वर्ष की नौकरी में 15 जिलों में नौकरी की है। लेकिन जो मैने तीन साल जनपद पंचायत पेटलावद में नौकरी की है वो मेरे हृदय में हमेशा के लिए बस गई है। मुझे यहां काम करने में मजा भी आया ओर मैंने यह देखा है कि मैंने सरपंच, सचिव हो या जनपद के पदाधिकारी हो सभी ने मुझे हमेशा सहयोग प्रदान किया। म

दीक्षित के पदोन्नति पर और स्थानांतरण होने पर श्री श्रृंगेश्वर धाम पर आयोजित विदाई समारोह में संयुक्त आयुक्त पद पर पदोन्नत राजेश दीक्षित को भूपेंद्र सिंह सेमलिया, जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, जितेन्द्र राठौड़, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश कांसवा, श्रेणिक कोठारी, प्रदीप कुमार पालरेचा, ठाकुर परीक्षितसिंह राठौर, राधेश्याम बैरागी, ग्राम पंचायत झकनावदा व भेरुपाडा सचिव विनोद देवदा, देवकुंवर बहन पडियार, कुलदीप लववंशी तारखेड़ी, जनपद सदस्य कालुसिंह चौहान धतुरिया एवं झकनावदा के गणमान्य नागरिक ग्राम पंचायत झकनावदा आदि ने अभिनंदन पत्र तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। एवं अभिनंदन पत्र का वाचन पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश कांसवा ने किया।वहीं आयोजन का सफल संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष पेटलावद संजय कहार ने किया तो आभार झकनावदा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़ ने माना।

इस अवसर पर आयोजन में मुख्य रूप से जितेंद्र राठौड़ मंडल अध्यक्ष, कालुसिंह चौहान जनपद सदस्य, महेंद्र सिंह राठौर (लाला) रायपुरिया जनपद सदस्य, कैलाश मेड़ा, राकेश गुंड़िया, सुखराम जनपद सदस्य, नाथु सिंह जनपद सदस्य, राहुल गामड़, सरपंच धूलिया निनामा, कैलाश निनामा धतुरिया, कांतिलाल मुनिया मोहकमपुरा, संजय मखोड बामनिया, नंदू निनामा रायपुरिया, नंदू भाभर देवली, बाबू कटारा बख़तपुरा, नवलसिंह डामर टोड़ी, मुन्ना डामोर मोहनकोट, वरसिंह मेड़ा रतांम्बा, कमल बारिया परेवा, ओमप्रकाश राठौर सेमरोड, कोदर भाभर, रतन डिंडोर, पारस सोलंकी, ठाकुर पृथ्वीराज राठौर, कुलदीप लववंशी तारखेड़ी मण्डल महामंत्री, जीवन बैरागी मित्र मंडल, अजय जैन, संजय पाटीदार, मनीष कटारिया, जितेंद्र चौहान, राकेश मेड़ा, गणपत सांखला, राधेशम बैरागी, खेमचंद जमादारी, पवन डामर सरपंच, सरपंच विकास गामड़, सुभाष भूरिया आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सचिव सरपंचगण मौजूद रहे।